वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर की वित्त समिति की बैठक मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक—11.12..2018 को विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में सम्पन्न हुई। बैठक का कार्यवृत्तः—

वित्त समिति की बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही—

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो0 डा0 राजाराम यादव<br>कुलपति | | अध्यक्ष |
| 2. डा0 ज्ञान प्रकाश वर्मा<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी<br>वाराणसी। | (प्रतिनिधि,अपर मुख्य सचिव,उच्च शिक्षा)<br>उ0प्र0शासन,लखनऊ | सदस्य |
| 3. श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला<br>अपर निदेशक,पेंशन एवं कोषागार<br>वाराणसी परिक्षेत्र,वाराणसी। | (प्रतिनिधि,अपर मुख्य सचिव,वित्त)<br>उ0प्र0शासन,लखनऊ | सदस्य |
| 4. प्रो0जे0एन0मिश्रा<br>इलाहाबाद। | | सदस्य |
| 5. श्री सुजीत कुमार जायसवाल<br>कुलसचिव | | सदस्य |
| 6. एम0के0सिंह<br>वित्त अधिकारी | | सचिव |

निर्धारित कार्य सूची के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की गयी।

**प्रस्ताव सं0—1**

**दिनांक—3.7.2018 को सम्पन्न हुई वित्त समिति के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।**

**निर्णय—** दिनांक—3.7.2018 को सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठक के कार्य वृत्त के प्रस्ताव सं0—9 में आंशिक संशोधन करते हुए परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में रू0 3500/—वार्षिक परीक्षा शुल्क को वर्ष 2018—19 के लिये मा0 कुंलपति जी के आदेश दिनांक—27.11.2018 के क्रम में वर्ष 2018—19 के लिये रू0 1750/— प्रति सेमेस्टर निर्धारित किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी। समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्य वृत्त अनुमोदित किये जाने की संस्तुति की गयी।

**प्रस्ताव सं0—2**

दिनांक—3.7.2018 के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या

**निर्णय—** समिति अनुपालन आख्या से संज्ञानित हुई।

**प्रस्ताव सं0—03**

वित्तीय वर्ष 2018—19 का संशोधित आय—व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2019—20 के अनुमानित आय—व्ययक पर विचार।

**निर्णय—** समिति द्वारा सर्व सम्मति से वित्तीय वर्ष 2018—19 का संशोधित आय—व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2019—20 के अनुमानित आय—व्ययक अनुमोदित किये जाने की संस्तुति की गयी तथा मदों में व्ययाधिक्य होने पर पूर्व की भॉति पुनर्विनियोजन का अधिकार मा0कुलपति जी को अधिकृत किये जाने के निर्णय को पुनः भविष्य हेतु भी अंगीकार किये जाने की संस्तुति की गयी।

प्रस्ताव सं0–04

वित्तीय वर्ष 2016–17 के डबल इण्ट्री बैलेस सीट पर विचार।

निर्णय– समिति द्वारा सर्व सम्मति से वित्तीय वर्ष 2016–17 के डबल इण्ट्री बैलेस सीट अनुमोदित किये जाने की सस्तुति की गयी।

प्रस्ताव सं0–05

विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित प्रो0राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) इंस्टिट्यूट आफ फिजिकल साइंसेज ऑफ स्टडीज एंड रिसर्च के अन्तर्गत सत्र 2018–19 में एम0एस–सी0, फिजिक्स, केमेस्ट्री, गणित एवं एप्लाइड जियोलॉजी पाठ्यक्रमों के लिये शुल्क निर्धारित किये जाने पर विचार।

निर्णय–समिति द्वारा सर्व सम्मति से विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित प्रो0राजेन्द्र सिंह(रज्जू भैय्या) इंस्टिट्यूट आफ़ फिजिकल साइंसेज ऑफ स्टडीज एंड रिसर्च के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के लिये मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक–10.9.2018 के क्रम में वर्ष 2018–2019 के लिये निम्न पाठ्यक्रमों हेतु वर्ष 2018–19 के लिये निम्नानुसार शुल्क निर्धारित किये जाने की संस्तुति की गयी।

| | | वर्ष 2018–19 |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षण शुल्क | रू0 16,250.00 |
| 2 | परीक्षा शुल्क | रू0 3,500.00 |
| 3 | छात्र कल्याण शुल्क | रू0 100.00 |
| 4 | कीड़ा शुल्क | रू0 150.00 |
| | योग–(वार्षिक) | रू0 20,000.00 |

प्रस्ताव सं0–06

विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2018–19 से संचालित बी0ए0, एल–एल0बी0 (आनर्स) पंचवर्षीय (इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम) के लिये शुल्क निर्धारित किये जाने पर विचार।

निर्णय– विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2018–19 से संचालित बी0ए0, एल–एल0बी0 (आनर्स) पंचवर्षीय (इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम) के लिये मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक–14.9.2018 के क्रम में समेकित शुल्क रू0 40,000/—(वार्षिक) निर्धारित किये जाने की संस्तुति की गयी।

प्रस्ताव सं0–07

विश्वविद्यालय परिसर में संचालिलत विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिये शैक्षिक शुल्क,परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्क निर्धारित किये जाने पर विचार।

निर्णय–समिति द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु शैक्षिक सत्र 2019–20 से शैक्षिक शुल्क,परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्क निर्धारित किये जाने की संस्तुति की गयी। (विवरण संलग्न)।

प्रस्ताव सं0–08

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों (माइकोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, पर्यावरण, बायोटैक्नालॉजी) हेतु विश्वविद्यालय के समान परीक्षा शुल्क निर्धारित किये जाने पर विचार।

निर्णय– समिति द्वारा सर्व सम्मति से इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्तर से सम्यक प्रस्ताव तैयार किये जाने की संस्तुति की गयी।

निदेशक, प्रो0 राजेन्द्र सिंह(रज्जू भैया),भौतिकीय विज्ञान अध्ययन व शोध संस्थान हेतु स्थायी अग्रिम धनराशि दिये जाने पर विचार।

**निर्णय–** समिति द्वारा सर्व सम्मति से निदेशक, प्रो0 राजेन्द्र सिंह(रज्जू भैया),भौतिकीय विज्ञान अध्ययन व शोध संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के आकस्मिक व्यय हेतु 10,000/–(दस हजार मात्र) स्थायी अग्रिम स्वीकृत किये जाने की संस्तुति की गयी।

**प्रस्ताव सं0–10**

विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित छात्रावासों में कार्यरत अंशकालिक सफाईकर्मियों के पारिश्रमिक वृद्धि पर विचार।

**निर्णय–** समिति द्वारा सर्व सम्मति से विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित विभिन्न छात्रावासों में अंशकालिक सफाईकर्मियों को रू0 6000/–(छः हजार) प्रतिमाह की दर से परिश्रमिक स्वीकृत किये जाने के साथ ही ई0पी0एफ0 काटे जाने की संस्तुति की गयी।

**प्रस्ताव सं0–11**

डा0राजकुमार, मुख्य संरक्षक, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के पत्र दिनांक–310.2018 पर विचार।

(क) विश्वविद्यालय परिसर स्थित शिक्षक अतिथि गृह का किराया निर्धारित किये जाने पर विचार।

**निर्णय–** समिति द्वारा सर्व सम्मति से विश्वविद्यालय परिसर स्थित अतिथि गृह का रू0 600/–(छःसौ) तथा शिक्षक अतिथि गृह का रू0 300/–(तीन सौ) किराया निर्धारित किये जाने की संस्तुति की गयी।

(ख) छात्रावासों में रिकार्ड, पत्रावलियों के लेख एवं रख रखाव आदि कार्यों के लिये कार्यरत सभी गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को प्रतिमाह पारिश्रमिक गत तीन वर्षों से रूपये 300/– है, को रूपये 600 किये जाने पर विचार।

**निर्णय–** समिति द्वारा सर्व सम्मति से छात्रावासों में अंशकालिक रूप में कार्यरत गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को रूपये 600/– प्रतिमाह की दर से पारिश्रमिक भुगतान किये जाने की संस्तुति इस शर्त की गयी कि उपरोक्त व्यय सम्बन्धित छात्रावास मद से किया जायेगा।

**प्रस्ताव सं0–12**

श्री दयाराम पाल, स्थानीय अधिवक्ता के पारिश्रमिक वृद्धि पर विचार।

**निर्णय–** समिति द्वारा सर्व सम्मति से श्री दयाराम पाल,स्थानीय अधिवक्ता को प्रति वाद रू0 3000/– तथा अन्य व्यय रू0 300/–लिपिकीय व्यय कुल 3300/–(तीन हजार तीन सौ मात्र) समस्त व्यय सहित पारिश्रमिक स्वीकृत किये जाने की संस्तुति की गयी।

**प्रस्ताव सं0–13**

शासनादेशसं0–1124/सत्तर–4–2018–358(वि0वे0आ0)/2018,दिनांक–13सितम्बर,2018 के कम में सातवें वेतन आयोग द्वारा विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा समकक्ष संवर्गो के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों के अनुसार वेतन पुनरीक्षण योजना को प्रदेश के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के शिक्षक तथा समकक्ष संवर्गो के सम्बन्ध में लागू किये जाने पर विचार।

**निर्णय–** समिति द्वारा सर्व सम्मति से शासनादेशसं0–1124/सत्तर–4–2018–358(वि0 वे0आ0)/2018,दिनांक–13सितम्बर, 2018 के कम में कार्यवाही किये जाने की संस्तुति की गयी।

प्रस्ताव सं0—14

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित इंजीनियरिंग एवं एम0सी0ए0विभाग में संविदा पर नव नियुक्त अध्यापकों को रू0 30,000/— के स्थान पर रू0 40,000/— प्रतिमाह मानदेय भुगतान कियो जाने पर विचार।

निर्णय— समिति द्वारा सर्व सम्मति से उपरोक्त पाठ्यक्रमों में नव नियुक्त संविदा शिक्षकों को रू0 40,000/—प्रतिमाह पारिश्रमिक दिये जाने की संस्तुति की गयी।

**प्रस्ताव सं0—15**

कर्मचारी संघ के पत्र दिनांक—29.6.2018 पर विचार।

निर्णय— समिति द्वारा सर्व सम्मति से श्रम विभाग,उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन के अनुसार भुगतान किये जाने की संस्तुति की गयी।

(ख) विश्वविद्यालयी आवासीय परिसर में आवासों के सम्बन्ध में की गयी दण्डात्मक कार्यवाही को शिथिल करते हुए जांचोपरांत नियमानुसार कटौती करने की की कृपा करें। साथ ही विगत माह में की गयी अतिरिक्त वसूली को वापस कराये जाने की कृपा करें।

निर्णय—नियमानुसार कार्यवाई किये जाने की संस्तुति की गयी।

प्रस्ताव सं0—16

कर्मचारी संघ के पत्र दिनांक—3.7.2018 पर विचार।

निर्णय— समिति द्वारा उक्त प्रकरण को स्थगित रखे जाने की संस्तुति की गयी।

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के पश्चात बैठक समाप्त की गयी।

(प्रो0 डा0 राजाराम यादव)
कुलपति/अध्यक्ष

(डा0एम0के0सिंह)
वित्त अधिकारी/सचिव

| | पाठ्यक्रम का नाम | 2018–19 में निर्धारित शिक्षण शुल्क प्रथम 60 सीटों के लिये | 2018–2019 में निर्धारित शिक्षण शुल्क अतिरिक्त 40 सीटों के लिये | 2019–20 में निर्धारित शिक्षण शुल्क प्रथम 60 सीटों के लिये | 2019–2020 में निर्धारित शिक्षण शुल्क अतिरिक्त 40 सीटों के लिये |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एम0एस0–सी0बायोटैक्नोलांजी | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 2 | एम0एस–सी0 (गणित) | 20,000.00 | ———— | 21,000.00 | ———— |
| 3. | एम0एस–सी0 (रसायान) | 20,000.00 | ———— | 21,000.00 | ———— |
| 4. | एम0एस–सी0 (भौतिकी ) | 20,000.00 | ———— | 21,000.00 | ———— |
| 5. | एम0एस–सी0 (भू0 एवं ग्रहीय विज्ञान ) | 20,000.00 | ———— | 21,000.00 | ———— |
| 6 | एम0बी0ए0 | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 7. | एम0बी0ए0(ए0बी0) | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 8. | एम0बी0ए0(ई0कामर्स) | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 9. | एम0बी0ए0(एच0आर0डी0) | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 10 | एम0बी0ए0(एफ0सी0) | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 11. | एम0बी0ए0(बी0ई) | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 12. | एम0सी0ए0 | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 13. | एम0एस0सी0 (माइक्रोबायोलांजी) | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 14. | एम0एस0सी0 (बायोकैमेस्ट्री) | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 15. | एम0एस0सी0 (पर्यावरण विज्ञान) | 50,000.00 | 1,00,000.00 | 51,000.00 | 1,00,000.00 |
| 16. | एम0ए0(ए0पी0) | 30,000.00 (30) | 1,00,000.00(20) | 31,000.00(30) | 1,00,000.00(20) |

वित्त अ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 17. | एम0ए0 (एम0सी0जे0) | 30,000.00 (30) | 1,00,000.00(20) | 31,000.00(30) | 1,00,000.00(20) |
| 18. | विधि–पंचवर्षीय (बी0ए0,एल–एल0बी0) | 40,000.00 | -------- | 41,000.00 | --------- |
| 19. | बी0टेक0 | 60,000.00 | 1,00,000.00 | 61,000.00 | 1,00,000.00 |
| 20. | बी0फार्मा0 | 75,000.00(60) | --------- | 76,000.00 | --------- |

नोट–

1. एम0एस0सी0 गणित, रसायन, भौतिकी, भू एवं ग्रहीय विज्ञान एवं विधि– पंचवर्षीय (बी0ए0,एल–एल0बी0) को छोड़कर उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के लिये वार्षिक परीक्षा शुल्क रू0 4,000/– निर्धारित किया जाता है जो रू0 2,000.00 प्रति सेमेस्टर की दर से देय होगा।
2. नामांकन शुल्क रू0 200.00
3. उपाधि शुल्क रू0 200.00(अंतिम सेमेस्टर में जमा करना होगा)
4. क्रीड़ा शुल्क रू0 150.00
5. छात्र कल्याण शुल्क रू0 100.00
6. रोवर्स/रेंजर्स शुल्क रू0 24.00 (स्नातका स्तर के पाठ्यक्रम पर लागू)
7. एम0एस0सी0 गणित, रसायन, भौतिकी, भू एवं ग्रहीय विज्ञान पाठ्यक्रमों में शिक्षण शुल्क, परीक्षा शुल्क, छात्र कल्याण शुल्क एवं कीडा शुल्क सम्मिलित है।

वित्त अधिकारी